
एलन जे और भूमिगत रेलरोड



मार्लिन टार्ग ब्रिल

चित्र: जेनिस ली पोर्टर

एलन जे और भूमिगत रेलरोड

मार्लिन टार्ग ब्रिल

चित्र: जेनिस ली पोर्टर



लेखक का नोट

एलन जे और उनका परिवार 1840 के दशक में रैंडोल्फ़, ओहियो में रहता था. जे परिवार सोसाइटी ऑफ़ फ्रेंड्स या क्वेकर्स नामक एक धार्मिक समूह से संबंधित था. फ्रेंड्स सभी लोगों की समानता में विश्वास करते थे. इसलिए वे सभी एक-जैसे सादे कपड़े पहनते थे और सभी को "श्रीमान" कहकर सम्बोधित करते थे, चाहे वह अजनबी हो या दोस्त.

दुख की बात है कि दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले अधिकांश अफ्रीकी अमेरिकियों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता था. वे लोग गुलाम थे. गुलाम पूरे दिन बिना वेतन के काम करते थे. मालिक गुलामों के साथ जानवरों जैसा व्यव्हार करते थे. जब कभी गुलाम भाग जाते, तो उन्हें पकड़ा जाता था और दंडित किया जाता था. उन्हें अक्सर प्रताड़ित किया जाता था या मार डाला जाता था. गुलामों को भागने में मदद करने वाले लोगों को भी सजा दी जाती थी.

एलन के माता-पिता, इसहाक और रोडा जे ने गुलामों को भागने में मदद की, भले ही यह काम बेहद खतरनाक था. जे, भूमिगत रेलरोड (अंडरग्राउंड) रेलरोड नामक एक गुप्त समूह के सदस्य थे.

अंडरग्राउंड रेलरोड के साथ काम करने वाले लोग भगोड़े गुलामों को अपने खलिहानों, अटारियों, गुप्त कमरों में छिपाते थे. वे भगोड़ों को एक सुरक्षित स्थान से दूसरे सुरक्षित स्थान तक ले जाते थे. भगोड़े पैदल, वैगन या घोड़े पर सवार होकर गुप्त मार्गों से अंत में कनाडा पहुंचते थे. वहाँ पर कानून के तहत सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता था.

जे दूसरों को यह नहीं बताते थे कि वे क्या करते थे - यहाँ तक कि अपने बच्चों को भी नहीं. ग्यारह वर्षीय एलन यह जानता था कि उसके माता-पिता रहस्यमय तरीके से प्रकट होने वाले काले अजनबियों को, खाना खिलाते थे और उन्हें छिपाते थे. लेकिन वह गुलामी के बारे में इससे ज़्यादा कुछ नहीं जानता था - जब तक कि उसका सामना एक भगोड़े से नहीं हुआ.



जुलाई 1, 1842

एलन ने आखिरी शर्ट रस्सी पर लटका दी.

उसकी माँ बहुत बीमार थीं

और वो भारी काम नहीं कर सकती थीं.

इसलिए यह काम उनके सबसे बड़े बेटे को सौंपा गया था.

हर सोमवार एलन कपड़े धोता, उबालता, स्टार्च करता

और उन्हें सूखने को बाहर लटकाता था.

उसके बाद वह खेलने के लिए स्वतंत्र था.

आज दोपहर

एलन मछली पकड़ने की बंसी लेने के लिए

खलिहान की ओर गया.

जैसे ही वह सामने के यार्ड को पार कर रहा था,

उसने देखा कि एक घोड़ा सड़क पर

जे फार्म की ओर दौड़ा आ रहा था.

कुछ ही सेकंड में परिवार के डॉक्टर

सामने के गेट पर आकर रुके.

"दोस्त जे! दोस्त जे!"

डॉक्टर चिल्लाए.

एलन के पिता खलिहान से बाहर आए

और तेज़ी से गेट की ओर चले.

"क्या आज तुम्हारे घोड़े के पंख लग गए हैं?”

इसहाक जे ने कहा.


"लगता है तुम बहुत जल्दी में हो."



डॉक्टर, इसहाक की ओर झुका.

"एक भगोड़ा गुलाम जंगल में छिपा है,"

डॉक्टर ने धीमी आवाज़ में कहा.



"गुलाम का मालिक और

उसके आदमी पीछे-पीछे आ रहे हैं,

और उनके पास बंदूकें हैं,"

डॉक्टर ने चेतावनी दी.

डॉक्टर ने इसहाक का कंधा पकड़ा

और कहा, "सावधान रहना, मेरे दोस्त."

एलन के पिता ने सिर हिलाया.

डॉक्टर ने अपना घोड़ा मोड़ा और वो चले गए.

एलन अपने पिता के करीब गया

उसने उनके परेशान चेहरे को देखा.

एलन ने सोचा:

क्या गुलाम का मालिक आकर

उसके पिता को गोली मार देगा?

उसे अन्य क्वैकर्स की कहानियाँ भी याद आईं

जिन्होंने भगोड़ों की मदद की थी.

कुछ क्वैकर्स को पीटा गया था.

अन्य के घर जला दिए गए थे.



आइजैक जे ने अपने बेटे की ओर देखा.

"एलन," उसके पिता ने कहा,

"तुम्हें जल्द ही एक काले रंग

का आदमी दिखाई देगा.

उसे बड़े अखरोट के पेड़ के पीछे

मकई के खेत में ले जाना.

वहाँ मकई इतनी ऊँची है कि

वहां उसे आसानी से छिपाया जा सकता है.

लेकिन अगर तुम ऐसा करते हो,

तो फिर तुम मुझे या किसी और को

उसके बारे में बिल्कुल नहीं बताना.”

फिर आइजैक जे मुड़े

और खलिहान में वापस चले गए.

एलन समझ नहीं पा रहा था

कि अब उसे क्या करना चाहिए?

तभी जंगल से एक चटकने की आवाज़ ने

एलन के विचारों में विघ्न डाला.

उसने देखा कि कोई पेड़ों और झाड़ियों

के बीच से आगे बढ़ रहा था.

एलन चुपचाप

आवाज़ की ओर चल दिया.

फिर सरसराहट बंद हो गई.



अचानक बंदूक लिए हुए एक आदमी

झाड़ियों से बाहर निकला.

एलन पीछे कूद गया.

दोनों एक-दूसरे को घूरते रहे

बिना कुछ बोले.

उस आदमी के कपड़े फटे हुए थे

और पैर खून से लथपथ थे.

उसकी काली पीठ कटी हुई थी

और उसपर चाबुक की चोटों के निशान थे.

"क्या तुम मास्टर जे के लड़के हो?"

उस आदमी ने पूछा.


उसकी आँखें लगातार इधर-उधर घूम रही थीं,

और सड़क और घर को देख रही थीं.

"हाँ," एलन ने हकलाते हुए कहा,

"मैं एलन हूँ, उनका बेटा."

फिर आदमी ने अपनी बंदूक नीचे कर ली.





एलन ने बोलने के लिए हिम्मत जुटाई.

उसे हमेशा शब्दों को स्पष्ट रूप से

कहने में परेशानी होती थी.

वो आदमी उसकी बात समझे

यह उसके लिए बहुत ज़रूरी था.

"मेरे पीछे आओ," एलन ने धीरे से कहा.

"पिता ने मुझे तुम्हें एक छिपने की

जगह पर ले जाने को कहा है."

"मैं समझ गया," आदमी ने कहा.



एलन उसे जंगल के किनारे से खेत के पीछे ले गया.

वे मकई के खेत में भागते समय झुक गए.

एलन उस आदमी को अखरोट के

पेड़ के नीचे एक खुली जगह में ले गया.

"तुम यहां चुप रहना

और सबकी नज़रों से दूर रहना,"

एलन ने फुसफुसाकर कहा.

"समय आने पर तुम्हें कोई लेने आएगा."

“मुझ पर दया करो,” आदमी ने विनती की.


“मेरा नाम हेनरी जेम्स है.

मैं परसों भागा था,

और तब से मैंने कुछ भी खाया-पिया नहीं है.”

उसकी आँखें उदास और थकी हुई लग रही थीं.

उसके होंठ, गर्मी से फट गए थे.



"मैं जल्दी ही कुछ खाने के साथ वापस आऊंगा,"

एलन ने उससे कहा.

लड़के ने यह सुनिश्चित करने के

लिए चारों ओर देखा

कि कोई अन्य व्यक्ति हेनरी जेम्स को न देख सके.

उसने मकई की एक डंठल तोड़ी

और अपने पीछे की मिट्टी में झाड़ू लगाई

ताकि पैरों के निशान मिट जाएँ.

उसने यह भी सुनिश्चित किया

मकई की डंठल झुकी हुई न दिखें.

फिर एलन जंगल से होते हुए घर की ओर भागा.

वो उम्मीद कर रहा था कि उस गुलाम का मालिक

अभी घंटों दूर होगा.

क्योंकि उसके पिता को उस गुलाम के

सुरक्षित भागने की योजना बनाने के लिए समय लगेगा.

खलिहान के पास पहुँचते ही

एलन ने अपने कदम धीमे कर दिए.

उसे लगा कि शायद उसे कोई देख रहा था.

एलन ने रसोई का दरवाज़ा खोला,

मिल्टन, वाल्टर, अबिजा और मैरी

मेज पर मटर छील रहे थे.

उसकी माँ अपनी रॉकिंग चेयर से उठी.

"बैठ जाओ, एलन," उन्होंने शांत आवाज़ में आदेश दिया.

"मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ काम है."

"लेकिन, माँ," एलन ने विरोध किया.

"चुप रहो, बेटा," मां ने कहा.

एलन, वाल्टर के बगल में बेंच पर बैठ गया

"मैरी, कृपया कुछ मकई की रोटी

और बेकन एक टोकरी में रख दो,"

रोडा जे ने कहा.

एलन को आश्चर्य हुआ कि

उसकी माँ को दिन के

इस अजीब समय में भोजन

तैयार करना किसने बताया था.

और उसके बाकी सभी भाई-बहन अंदर क्यों थे?

"मकई की रोटी कौन खायेगा?"

छोटे मिल्टन ने पूछा.

"जो भी क्वेकर इस रास्ते से गुज़रेगा,"

उसकी माँ ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया.





रोडा जे ने भरी हुई टोकरी एलन को थमा दी.

"यह टोकरी किसी भी ऐसे व्यक्ति को देना

जिसे भूख लगी हो," उन्होंने कहा.

एलन ने टोकरी ली

और साथ में दूध का एक जग भी लिया.

फिर वह जल्दी मकई के खेत में वापस चला गया.

जब वह अखरोट के पेड़ के पास पहुँचा,

एलन ने डंठलों के टूटने की आवाज़ सुनी.

तभी एक काली बंदूक की नली

मकई के बीच से बाहर निकली.

एलन सहम गया.

क्लिक!

उसे पता था कि बंदूक

फायर करने के लिए तैयार थी .



"कृपया, गोली मत चलाओ,"

लड़के ने विनती की.

हेनरी ने बंदूक नीचे की और

मकई को एक तरफ धकेल दिया.

"तुम मुझे डरा दिया," हेनरी ने कहा,

उसकी आवाज़ काँप रही थी.

एलन ने गहरी साँस ली

और फिर वो करीब आया.

"लो यह खाओ," एलन ने कहा,

वो जो लाया था उसने वो आदमी को दिखाया.

हेनरी ने जग को पकड़ा.

फिर उसने एक लम्बी घूँट पी.


"यह बहुत बढ़िया है, मास्टर एलन,"

हेनरी जेम्स ने शुक्रगुज़ार होकर कहा.

"तुम यहाँ तब तक आराम कर सकते हो

जब तक मेरे पिता तुम्हें लेने नहीं आते.

अच्छा अब मैं चलूँगा," एलन ने कहा.



एलन मकई के बीच से खेत के किनारे तक पहुँचा.

जब वह खेत में पहुँच तो उसने कुछ आवाज़ें सुनीं.

किसी के देखने से पहले ही वह


जलाऊ लकड़ी के ढेर के पीछे छिप गया.


एलन ने लकड़ियों के बीच से झाँका और देखा

कि घोड़े पर सवार छह आदमी

उसके पिता के सामने खड़े थे.

अजनबियों के पास बंदूकें थीं.





एक आदमी ने उसके पिता से कठोरता से पूछा,

"क्या तुम्हें यकीन है

कि तुमने मेरे गुलाम को भागते नहीं देखा?"

इसहाक जे ने अपना सिर हिलाया.

"मैंने आपसे एक बार कहा,

कि मैं कभी झूठ नहीं बोलता."

दास मालिक ने अविश्वास के साथ कहा.

"फिर हमें तुम्हारे घर की तलाशी लेनी होगी?"

आदमी चिल्लाया.

"आपका स्वागत है,"

इसहाक जे ने शांत भाव से कहा.

"लेकिन उसके लिए आपको सही कागजात चाहिए होंगे."


"उसमें जरूर कुछ समय लगेगा,"

आदमी ने चिल्लाकर कहा.

"सुबह तक हम वापिस आएंगे,"

फिर उसने अपने आदमियों से कुछ कहा

और वे जल्द ही वहां से चले गए.



एलन ने उस हुए भगोड़े गुलाम या

उन गुस्साए लोगों के बारे में और कुछ नहीं सुना.

और उसने कुछ पूछने की हिम्मत भी नहीं की.

जब इसहाक जे रात के खाने के लिए

अंदर आए तो वो कुछ नहीं बोले.

उस रात एलन की माँ ने छोटे बच्चों को

जल्दी सोने के लिए भेज दिया.

एलन के पिता खलिहान में चले गए.

थोड़ी देर बाद, वो दरवाजे पर आए

और उन्होंने एलन को बाहर बुलाया.

बूढ़ा जैक, उनका घोड़ा,

बग्गी से बंधा हुआ यार्ड में खड़ा था.

"क्या तुम अपने दादा के घर कैसे जाना चाहोगे?"

इसहाक जे ने अपने बेटे से पूछा.

"हां, मैं आपके साथ चलूँगा?"

एलन ने हैरान होकर पूछा.

"नहीं, इस बार तुम अकेले ही जाओगे,"

उसके पिता ने उत्तर दिया.

एलन ने पहले कभी अंधेरी रात में

जंगल से होकर यात्रा नहीं की थी.

वहाँ भालू, जंगली जानवर और साँप थे.

और अब शायद गुलाम शिकारी भी हों.

लेकिन एलन यह समझ गया,

कि उसके पिता उससे क्या करवाना चाहते हैं.



एलन की माँ बाहर आईं

उन्होंने अपने पति की बाँह पकड़ ली.


"तुम्हें उसे मत भेजो," माँ ने कहा,

"यह बहुत खतरनाक काम है."

"लेकिन मुझे जाना ही होगा, माँ," एलन ने कहा,

"अगर मालिक और उसके आदमी

आज रात वापस आते हैं, तो पिताजी यहाँ घर पर ही होंगे"




"मुझे तुम पर गर्व है, बेटा," इसहाक जे ने कहा.

"अगर तुम्हें किसी ऐसे व्यक्ति को

जानते हो जिसे तुम्हारे साथ जाना चाहिए,

तो बेहतर होगा कि तुम उसे भी अपने साथ लेते जाओ."





रोडा जे ने अपने बेटे को अपने गले से लगाया.

एलन बग्गी में चढ़ गया

और उसने लगाम संभाली.

"जल्दी जाओ, और मुख्य सड़क पर ही रहो,"

उसके पिता ने चेतावनी दी.

"तुम रात अपने दादा के घर पर बिता सकते हो."

एलन, बूढ़े जैक को मकई के खेत में ले गया.


उसने अखरोट के पेड़ के पास खेत के किनारे बग्गी रोकी.

"मैं एलन हूं," उसने धीरे से पुकारा.

"हमें जल्दी करनी चाहिए."

हेनरी जेम्स ने खुद को बग्गी में खींचा

और एलन के पैरों के पास की जगह में बैठ गया.



जल्द ही वे फार्महाउस की खिड़कियों से चमकती

गर्म रोशनी से आगे निकल गए.

चाँद के सामने से एक बादल गुज़रा.

ऊबड़-खाबड़ सड़क पर उनके

चारों ओर अँधेरा छा गया.

न तो एलन और न ही हेनरी ने एक शब्द कहा.

क्या गुलाम शिकारी उन्हें पकड़ने की कोशिश करेंगे?

एलन ने यह सोचने की कोशिश तक नहीं की,

क्योंकि वो कितना डरा हुआ था.

क्या होगा अगर हेनरी उसे


गोली मार दे ताकि वह ओल्ड जैक को चुरा सके?


एलन ने ओल्ड जैक को

तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए लगाम खींची.

उसके हाथ गीले लग रहे थे.

उसने अपना निचला होंठ काटा.





"क्या तुम मेरे साथ होने से डर रहे हो?"

हेनरी ने पूछा.

एलन उसका कोई जवाब नहीं दे सका.

हेनरी ने कहा, "यह लो मास्टर एलन,

तुम मेरी बंदूक ले लो."

"अगर तुम किसी को आते हुए देखो,

तो उसे तुरंत मुझे वापस कर देना.

तुम गाड़ी चलाते रहना

फिर मैं तुरंत बाहर कूद जाऊँगा.

मैं नहीं चाहता हूं कि तुम्हें कोई नुकसान पहुंचे."

हेनरी ने बंदूक एलन को थमा दी.

लड़के ने अपना सिर हिलाया.

लेकिन उसने बंदूक नहीं छुई.

हेनरी ने कसम खाई, "मैं कभी वापस नहीं जाऊँगा."

"वे मिलकर मुझे मार डालेंगे;

उन्होंने आखिरी बार मुझे कोड़े मारे."


फिर हेनरी ने एलन को गुलाम होने की कहानियाँ सुनाईं.

हेनरी ने केंटकी के खेतों में

अपनी पूरी ज़िंदगी काम किया था.

उसने अपने भाई को

पीट-पीटकर मरते हुए देखा था.



उसकी बहन को

दूर किसी दूसरे मालिक को बेच दिया गया था.

अब हेनरी ने कनाडा में आज़ादी

पाने का दृढ़ निश्चय कर लिया था,

एलन को कुछ बुरा भी लगा

क्योंकि उसने हेनरी पर भरोसा नहीं किया था.



अचानक, एलन ने पत्तियों के बीच

से कुछ सरसराहट सुनी.

उसका शरीर काँपने लगा.


एक छाया बग्गी के सामने से गुज़री.

बूढ़ा जैक अपने पिछले पैरों पर खड़ा हो गया.

एलन ने लगाम को तब तक खींचा

जब तक कि उसकी उंगलियाँ दर्द करने लगीं.

धीरे-धीरे घोड़ा शांत हो गया.



“क्या हुआ?” हेनरी फुसफुसाया,

“क्या तुम्हें बंदूक की ज़रूरत है?”

“नहीं,” एलन ने घबराई हुई हंसी के साथ कहा

“वो एक बूढ़ा खरगोश था जो सड़क पार कर रहा था.”

लेकिन हेनरी हँसा नहीं.





एलन और हेनरी डेढ़ घंटे से ज़्यादा चलते रहे.

एलन को हर परछाई में गुलाम शिकारी दिखते थे.

उसे नींद आ रही थी.

उसकी पीठ में दर्द हो रहा था.

उसे नमी भरी रात की वजह से ठंड लग रही थी.

और वह डर से एकदम थक चुका था.

आखिरकार, एलन ने एक रोशनी देखी.

वो एक केबिन से आ रही थी

- दादाजी जे के केबिन से.



एलन बग्गी से कूद गया

उसने हेनरी को बाहर निकलने में मदद की.

एलन ने दरवाज़ा खटखटाया.

दादाजी ने अपने नाइटसूट में उनका अभिवादन किया.

दादाजी जे कुछ हैरान ज़रूर लग रहे थे,

लेकिन उन्हें पता था कि क्या करना है.

“जल्दी से तुम दोनों अंदर जाओ,” दादाजी जे ने कहा.

“एलन, तुम अपने चाचा लेवी को जगाओ."

एलन ने वैसा ही किया जैसा उसे बताया गया था.


चाचा लेवी ने कपड़े पहने

और वो घोड़ों पर काठी बांधने चले गए.

दादाजी ने हेनरी के लिए कपड़े में कुछ खाना बांधा.

हेनरी ने दादाजी जे को धन्यवाद दिया

और वो उनके पीछे खलिहान में चला गया.



हेनरी और लेवी के जाने से पहले,

एलन ने हेनरी की ओर अपना हाथ बढ़ाया.

"तुम्हारी कनाडा की यात्रा सुरक्षित हो,"

एलन ने यथासंभव सावधानी से कहा.

उसके शब्द मजबूत और स्पष्ट लग रहे थे.

हेनरी जेम्स ने लड़के का हाथ थाम लिया.

"मैं तुम्हें याद करूंगा, मास्टर जे,"

उसने एलन से हाथ मिलाते हुए कहा.

"तुम एक बहादुर लड़के हो."



उपसंहार

तीस मिनट बाद, हेनरी और लेवी ने ओहियो के मर्सर काउंटी में, मुक्त अफ्रीकी अमेरिकियों के एक बड़े शिविर में प्रवेश किया. यह बस्ती भूमिगत रेलमार्ग में, एक महत्वपूर्ण पड़ाव था. शिविर में एक परिवार ने हेनरी को तब तक छिपा कर रखा जब तक कि उत्तर की ओर जाना सुरक्षित नहीं हो गया. कुछ महीनों के भीतर, जे परिवार ने सुना कि हेनरी कनाडा पहुँच गया था.

एलन बड़ा होकर एक प्रसिद्ध क्वेकर पादरी और शिक्षक बना. वह एक प्रसिद्ध वक्ता भी था, और उससे कई लोगों को आश्चर्य भी होता था. एलन के जन्म के समय उसके मुंह की छत में एक छेद था जिसके कारण कभी-कभी उसकी बात को समझना मुश्किल हो जाता था. लेकिन शांति और प्रेम के उनके शक्तिशाली शब्दों को कई दोस्तों ने संजो कर रखा. बड़े होने के बाद, एलन ने अपने जीवन की कहानी और भागे हुए गुलाम से अपनी मुलाकात की कहानी एलन जे की आत्मकथा में लिखी.

गृहयुद्ध के बाद तक भूमिगत रेलमार्ग अपना काम करता रहा. राज्यों के बीच हुए युद्ध ने अमेरिका में गुलामी की प्रथा समाप्त कर दी. तब तक, 60,000 भगोड़े गुलामों को रेलमार्ग के ज़रिए आज़ादी मिली थी. यह संख्या उन चालीस लाख लोगों की तुलना में बहुत कम थी जो गुलाम थे. लेकिन अंडरग्राउंड रेलरोड की सफलता ने उन लोगों को गहरा झटका दिया जो गुलामी चाहते थे. युवा एलन जे और अन्य रेल कंडक्टरों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे क्रूर प्रथाओं में से एक को समाप्त करने में मदद की थी.



